डा. ओंकार शर्मा, कें.श्र.से.
मुख्य श्रमायुक्त (केन्द्रीय)
Dr. ONKAR SHARMA, CLS
Chief Labour Commissioner (C)

सत्यमेव जयते

मुख्य श्रमायुक्त (केन्द्रीय)
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार

भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रमेव जयते भवन, जी-4, सेक्टर-10
द्वारका, नई दिल्ली-110075
Government of India
Ministry of Labour & Employment
Shramev Jayate Bhawan, G-4, Sector-10
Dwarka, New Delhi-110075
Tel.: 011-20893603
E-mail : clc-mole@nic.in

संदेश

हिंदी दिवस के अवसर पर मुख्य श्रमायुक्त (कें.) कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

भारत की संविधान सभा ने 14 सिंतबर 1949 को देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया था। हर वर्ष 14 सिंतबर का दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी दिवस की हीरक जंयती के इस शुभ अवसर पर मुख्य श्रमायुक्त (कें.) कार्यालय में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार बढाने के उद्देश्य से 14 सिंतबर, 2024 से 28 सिंतबर, 2024 तक हिंदी पखवाडा मनाया जा रहा है।

राजभाषा जनता और सरकारी तंत्र के बीच कड़ी का काम करती है। भाषा के निरंतर प्रयोग से न केवल वह परिष्कृत व समृद्ध होती है अपितु उसमें स्वतः सहजता, सरलता और एकरूपता आती है। पूरे राष्ट्र को एक धारा में लाने के लिए तथा आम जनता एवं सरकारी तंत्र के बीच भाषायी समस्या को दूर करने के लिए समग्र कार्य हिंदी में करने का प्रयास किया जाना अपेक्षित है।

मैं मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा के दौरान होने वाले आयोजनों की सफलता की कामना करते हुए आशा करता हूँ कि संगठन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना अधिकाधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करना सुनिश्चित करेंगे।

जय हिंद।

ओंकार शर्मा

डॉ. ओंकार शर्मा
मुख्त श्रमायुक्त (कें.)